# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर, पिन-844102)
ईमेल: deovaishali.edn@gmail.com, deo-vaishali@bihar.gov.in

## ।। कार्यालय आदेश ।।

प्रधानाध्यापक, उच्च माध्यमिक विद्यालय, महथी धर्मचन्द, पातेपुर द्वारा प्रासंगिक पत्रांक- 73, दिनांक 02.07.2026 के माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि वर्तमान में कक्षा नवीं, दसवीं एवं बारहवीं की त्रैमासिक परीक्षा संचालित हो रही है। मध्य विद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय, महथी धर्मचन्द दोनों एक ही परिसर में संचालित हैं, जहाँ कुल कमरों की संख्या चौदह है। वर्तमान में उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए मात्र दो कमरे उपलब्ध हैं।

पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि त्रैमासिक परीक्षा के दौरान मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा परीक्षा संचालन हेतु कमरे देने से इंकार कर दिया गया है तथा बच्चों को बाहर निकालकर ताला लगा दिया गया है, जिसके कारण परीक्षा बाधित हो रही है।

अतः छात्रहित, पठन-पाठन एवं परीक्षा के सुचारू संचालन को दृष्टिगत रखते हुए, प्रभारी प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय, महथी धर्मचन्द को एतद् द्वारा निदेशित किया जाता है कि वे पूर्व से आवंटित कमरों के अतिरिक्त दो अतिरिक्त कमरे अगले आदेश तक उच्च माध्यमिक विद्यालय, महथी धर्मचन्द को पठन-पाठन एवं परीक्षा संचालन हेतु तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इस आदेश का अनुपालन तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या बाधा उत्पन्न करने पर इसे उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना मानते हुए नियमानुसार कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

Sd/-
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांकः 1370 ......................          वैशाली, दिनांक: 02/07/2026

प्रतिलिपिः प्रभारी प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय, महथी धर्मचन्द, पातेपुर को सूचनार्थ एवं आदेश के तत्काल अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः प्रधानाध्यापक, उच्च माध्यमिक विद्यालय, महथी धर्मचन्द, पातेपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पातेपुर को सूचनार्थ एवं इस निदेश के साथ प्रेषित कि वे अपने स्तर से उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए पठन-पाठन एवं परीक्षा का सुचारू संचालन करवाएँ।

2.7.26
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।
2.7.26